**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## यांत्रिक बुद्धिमत्ता का उपयोग और चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी बुधवार को
## हिंदी विवि की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा होंगी मुख्य अतिथि

वर्धा, 13 मई 2025 : डॉ. आंबेडकर कॉलेज ऑफ सोशल वर्क, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का जनसंपर्क कार्यालय, महाराष्ट्र एसोशिएशन ऑफ सोशल वर्क एजुकेटर्स (मास्वे) एवं पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई), वर्धा चैप्टर के संयुक्त तत्त्वावधान में बुधवार 14 मई को 'यांत्रिक बुद्धिमत्ता का उपयोग और चुनौतियां' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन डॉ. आंबेडकर कॉलेज ऑफ सोशल वर्क, वर्धा के सावित्रीबाई फुले सभागार में किया जा रहा है।

संगोष्ठी का उद्घाटन पूर्वाह्न 10:30 बजे मास्वे के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अंबादास मोहिते की अध्यक्षता में किया जाएगा। इस अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगी। सुबेदार रामजी आंबेडकर शिक्षा समिति, वर्धा की संचालक डॉ. चेतना सवाई संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगी। डॉ. आंबेडकर कॉलेज ऑफ सोशल वर्क के प्राचार्य डॉ. मिलींद सवाई कार्यक्रम की प्रस्तावना रखेंगे।

संगोष्ठी का प्रथम अकादमिक सत्र अपराह्न 12:30 बजे 'मीडिया एवं जनसंपर्क में ए.आई. की उपयोगिता' विषय पर होगा, जिसमें महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे वक्तव्य देंगे। 'शिक्षा क्षेत्र में ए.आई. की उपयोगिता' विषय पर हिंदी विश्वविद्यालय के लेबोरेट्री इन इनफार्मेटिक्स फार द लिबरल आर्ट्स 'लीला' प्रभारी डॉ. अंजनी कुमार राय एवं हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश लेहकपुरे संबोधित करेंगे। 'साइबर सुरक्षा और ए.आई.' विषय पर हिंदी विश्वविद्यालय के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी डॉ. गिरीश पाण्डेय एवं सॉफ्टवेअर एसोशिएट डॉ. हेमलता गोडबोले वक्तव्य देंगे।

संगोष्ठी का समापन अपराह्न 02:15 बजे डॉ. चेतना सवाई की अध्यक्षता में होगा। इस अवसर पर डॉ. अंबादास मोहिते, पी.आर.एस.आई, वर्धा चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राजेश लेहकपुरे, हिंदी विवि के जनसंपर्क अधिकारी व पी.आर.एस.आई, वर्धा चैप्टर के सचिव बी.एस. मिरगे अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा प्राचार्य डॉ. मिलीद सवाई व मास्वे के महासचिव डॉ. संजय फुलकर की विशिष्ट उपस्थिती रहेंगी। संगोष्ठी में उपस्थित रहने का आह्वान आयोजन समिति के डॉ. विलास वाणी, प्रो. परमानंद उके, प्रो. आशीष कातोरे, डॉ. गणेश गाडेकर, समिति के सदस्य डॉ. एस.डी. भोईकर, डॉ. माधुरी झाडे, डॉ. एम.एन. कुबडे, डॉ. वी. विटनकर, डॉ. डी. एस. मगरदे, प्राध्यापक बी.एन. खेडकर, प्रशांत घुलक्षे, स्वप्नील चव्हाण, डी.पी. ताकसांडे ने किया है।

------------------------------------------------------

**मराठी :**

## यांत्रिक बुद्धिमत्तेचा वापर आणि आव्हाने यावर राष्ट्रीय चर्चासत्र बुधवारी
## हिंदी विश्वविद्यालयाच्या कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा असतील मुख्य अतिथी

वर्धा, १३ मे २०२५: डॉ. आंबेडकर कॉलेज ऑफ सोशल वर्क, महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे जनसंपर्क कार्यालय, महाराष्ट्र असोसिएशन ऑफ सोशल वर्क एज्युकेटर्स (मास्वे) आणि पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया, वर्धा चॅप्टर यांच्या संयुक्त विद्यमाने बुधवार, १४ मे रोजी डॉ. आंबेडकर कॉलेज ऑफ सोशल वर्क, वर्धा येथील सावित्रीबाई फुले सभागृहात 'यांत्रिक बुद्धिमत्तेचा वापर आणि आव्हाने' या विषयावर राष्ट्रीय चर्चासत्राचे आयोजन करण्यात आले आहे.

चर्चासत्राचे उद्घाटन सकाळी १०:३० वाजता मास्वेचे संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अंबादास मोहिते यांच्या अध्यक्षतेखाली होईल. या प्रसंगी वर्धा येथील महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा मुख्य अतिथी म्हणून संबोधित करतील. सुभेदार रामजी आंबेडकर शिक्षण समिती वर्धाच्या संचालिका डॉ.चेतना सवाई चर्चासत्राचे उद्घाटन करतील तर डॉ. आंबेडकर कॉलेज ऑफ सोशल वर्कचे प्राचार्य डॉ. मिलींद सवाई कार्यक्रमाची प्रस्तावना सादर करतील.

परिसंवादाचे पहिले शैक्षणिक सत्र दुपारी १२:३० वाजता 'मीडिया व जनसंपर्कात ए.आय. चा उपयोग' या विषयावर होईल. यात महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे वक्तव्य देईल. 'शैक्षणिक क्षेत्रात ए.आय. चा उपयोग' या

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** **www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

विषयावर हिंदी विश्वविद्यालयाच्या लेबोरेट्री इन इनफार्मेटिक्स फार द लिबरल आर्ट्स 'लीला' प्रभारी डॉ. अंजनी कुमार राय आणि हिंदी विश्वविद्यालयाच्या जनसंचार विभागाचे असोशिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश लेहकपुरे संबोधित करतील. हिंदी विश्वविद्यालयाचे मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी डॉ. गिरीश पांडे आणि सॉफ्टवेअर असोसिएट डॉ. हेमलता गोडबोले 'साइबर सुरक्षा व ए.आय.' या विषयावर वक्तव्य देतील.

चर्चासत्राचा समारोप दुपारी ०२:१५ वाजता डॉ. चेतना सवाई यांच्या अध्यक्षतेखाली होईल. यावेळी डॉ. अंबादास मोहिते, पी.आर.एस.आय. वर्धा चॅप्टरचे अध्यक्ष डॉ. राजेश लेहकपुरे, हिंदी विश्वविद्यालयाचे जनसंपर्क अधिकारी व पी.आर.एस.आय. वर्धा चॅप्टरचे सचिव बी.एस. मिरगे, प्राचार्य डॉ. मिलिंद सवाई आणि मास्वेचे महासचिव डॉ. संजय फुलकर प्रमुख पाहुणे म्हणून उपस्थित राहतील. चर्चासत्रात उपस्थित राहण्याचे आवाहन आयोजन समितीचे डॉ. विलास वाणी, प्रो. परमानंद उके, प्रो. आशीष कातोरे, डॉ. गणेश गाडेकर समिति के सदस्य डॉ. एस.डी. भोईकर, डॉ. माधुरी झाडे, डॉ. एम.एन. कुबडे, डॉ. वी. विटनकर, डॉ. डी. एस. मगरदे, प्राध्यापक बी.एन. खेडकर, प्रशांत घुलक्षे, स्वप्नील चव्हाण, डी.पी. ताकसांडे यांनी केले आहे.

------------------------------------------------------

नमस्कार !

मा. संपादक/संवाददाता महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करने का कष्ट करें। सादर धन्यवाद।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305